प्रेषक,

शिक्षा निदेशक (माध्यमिक)उ0प्र0
शिक्षा सामान्य(2)विस्तार अनुभाग
प्रयागराज।

सेवा में,

1— समस्त मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश।
2— समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक उत्तर प्रदेश।

पत्रांक सामान्य(2)विस्तार/ 2216—2309 /2021—22 दिनांक— 19-8-2021

विषय— अशासकीय सहायता प्राप्त संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2021—22 एवं 2022—23 (ग्रीष्मावकाश की अवधि को छोड़कर) अथवा नियमित चयनित शिक्षक के आने तक जो भी पहले हो, नितान्त अस्थायी रूप से मानदेय पर शिक्षकों की व्यवस्था हेतु शासनादेश संख्या—922/पन्द्रह—9—2021— 2001(01)/2020 दिनांक 18 अगस्त, 2021 के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या—794/पन्द्रह—9—2021—2001(01)/2020 दिनांक 24 जुलाई, 2021 के अनुक्रम में निर्गत शासनादेश संख्या—922/पन्द्रह—9—2021—2001 (01)/2020 दिनांक 18 अगस्त, 2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो अशासकीय सहायता प्राप्त संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2021—22 एवं 2022—23 (ग्रीष्मावकाश की अवधि को छोड़कर) अथवा नियमित चयनित शिक्षक के आने तक जो भी पहले हो, नितान्त अस्थायी रूप से मानदेय पर शिक्षकों की व्यवस्था के संबंध में है। शासनादेश दिनांक 18 जुलाई,2021 की प्रति एवं विज्ञापन एवं आवेदन—पत्र के प्रारूप संलग्न कर इस आशय से प्रेषित है कि शासनादेश में विहित प्राविधानों के अनुसार समयान्तर्गत कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नक— उक्तवत्।

भवदीय,
19.8.2021
(सी0एल0 चौरसिया)
उप शिक्षा निदेशक(संस्कृत)
शिक्षा निदेशालय,उत्तर प्रदेश
प्रयागराज।

पृष्ठांकन संख्या संख्या सामान्य(2)विस्तार/ 2216-2735 /2021—22 तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित—

1— समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
2— समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
3— विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, संस्कृत शिक्षा अनुभाग—9, लखनऊ।
4— वैयक्तिक सहायक, शिक्षा निदेशक(माध्यमिक)उ0प्र0, शिविर कार्यालय, 18 पार्क रोड, लखनऊ।
5— अपर शिक्षा निदेशक(माध्यमिक)उ0प्र0 मुख्यालय, प्रयागराज।
6— कुल सचिव, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी।
7— निरीक्षक, संस्कृत पाठशालाएं, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
8— समस्त उप निरीक्षक, संस्कृत पाठशालाएं, उत्तर प्रदेश।
9— समस्त प्रबन्धक, अशासकीय सहायता प्राप्त संस्कृत माध्यमिक विद्यालय, उत्तर प्रदेश।
10— गार्ड पत्रावली।

19/8/21

19.8.2021
(सी0एल0 चौरसिया)
उप शिक्षा निदेशक(संस्कृत)
शिक्षा निदेशालय,उत्तर प्रदेश
प्रयागराज।

# विज्ञापन

**विज्ञापन संख्या–** 1/2021 पूर्व मध्यमा स्तर/उत्तर मध्यमा स्तर **अध्यापक** पद हेतु उत्तर प्रदेश में संचालित सहायता प्राप्त संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2021–22 एवं 2022–23 (ग्रीष्मावकाश की अवधि को छोडकर) अथवा नियमित चयनित शिक्षक के आने तक जो भी पहले हो, नितान्त अस्थायी रूप से मानदेय पर शिक्षकों के चयन हेतु शासन के पत्र संख्या–794/पन्द्रह–9–2021–2001(01)/2020 दिनांक 24 जुलाई, 2021 के क्रम में इच्छुक अर्ह अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

(1) विद्यालय का नामः–

(2) जनपद एवं मण्डल का नामः–

| | | |
|---|---|---|
| (3) पदः– | अध्यापक<br>पूर्व मध्यमा | अध्यापक<br>उत्तर मध्यमा |
| (4) विषय एवं वर्गः– | ------- | -------- |

(5) रिक्तियों की संख्याः– आरक्षित/अनारक्षित

**मानदेय–** प्रथमा एवं पूर्व मध्यमा स्तर हेतु शिक्षण कार्य पर रू0 12000/– तथा उत्तर मध्यमा स्तर हेतु शिक्षण कार्य पर रूपये 15000/– देय होंगे।

**आयु–** आवदेन करने की अन्तिम तिथि 15 सितम्बर, 2021 को (हाईस्कूल प्रमाण–पत्र के अनुसार) 21 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए।

**शैक्षिक योग्यता–** चयन हेतु शैक्षिक अर्हता उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद् (संस्थाओं के प्रधानों, अध्यापकों एवं संस्थाओं के अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति तथा सेवा शर्तें) विनियमावली, 2009 में वर्णित शैक्षिक अर्हता के अनुसार होगी। जैसी "परिशिष्ट–क" में दी गयी है।

**चयन प्रक्रिया–** शासनादेश संख्या–794/पन्द्रह–9–2021–2001(01)/2020 दिनांक 24 जुलाई, 2021 में विहित प्राविधानानुसार शैक्षणिक गुणांक एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के योग के आधार पर चयन किया जायेगा।

**आवेदन हेतु संख्या–** अभ्यर्थी द्वारा अधिकतम 05 विद्यालयों में शिक्षक के चयन हेतु आवेदन किया जा सकता है।

**आरक्षण–** अभ्यर्थी के चयन में चयन की तिथि को राज्य सरकार की विद्यमान आरक्षण नीति के अनुरूप/प्रख्यापित प्रावधान के अनुसार होगा। आरक्षण का लाभ उत्तर प्रदेश के निवासी के लिए ही अनुमन्य है।

**आवेदन शुल्क–** विज्ञापन में यथाविहित सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी हेतु रू0 250/–, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं अनुसूचित जाति को रू0 150/– एवं अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थी हेतु रू0 100/– का बैंक ड्राफ्ट अथवा रेखांकित पोस्टल आर्डर, संस्था प्रबन्धक के पक्ष में देय होगा।

**नोट–** आवेदन पत्र के साथ अभ्यर्थी अपने शैक्षिक योग्यता (सभी अंक पत्र, प्रमाण–पत्र) एवं आरक्षण के सम्बन्ध में प्रमाण–पत्र की स्वप्रमाणित छाया प्रतियॉं अवश्य संलग्न करें। अभ्यर्थी के आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूपप र रजिस्टर्ड डाक द्वारा विद्यालय में अन्तिम तिथि तक अवश्य प्राप्त हो जाना चाहिये तथा उसकी छायाप्रतियों को सम्बन्धित जनपद के जिला विद्यालय निरीक्षक के E-mail पर प्रेषित किया जायेगा। विलम्ब से प्राप्त आवेदन–पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। साक्षात्कार हेतु कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। अभ्यर्थी आवेदन–पत्र के साथ प्रबन्धक के पदनाम से निर्धारित शुल्क का बैंक ड्राफ्ट/रेखांकित पोस्टल आर्डर संलग्न करें। अभ्यर्थी माध्यमिक शिक्षा विभाग की वेबसाइट https://madhyamikshiksha.upsdc.gov.in एवं उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की वेबसाइट www.sanskriteb.gov.in पर विज्ञापन के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा–निर्देश देख सकता है।

19/8/21

# आवेदन–पत्र का प्रारूप

फोटो

1– संस्था / विद्यालय का नाम–

2– आवेदित पद का नाम (विषय सहित)

श्रेणी पूर्व मध्यमा ☐ उत्तर मध्यमा ☐

3– अभ्यर्थी का नाम–

4– पिता / पति का नाम–

5– माता का नाम–

6– जन्म–तिथि–

7– श्रेणी– सामान्य ☐ ओ.बी.सी. ☐ अनुसूचित जाति ☐ अनुसूचित जनजाति ☐ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग ☐

क्षैतिज आरक्षण हेतु वर्ष (यदि कोई हो) ☐

(सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र सलग्न करे)

8– राष्ट्रीयता–

9– स्थायी पता–

10– पत्राचार का पता–

ई–मेल आई डी– मोबाइल नम्बर–

11– (क) लिंग– पुरूष ☐ महिला ☐

(ख) वैवाहिक स्थिति– विवाहित ☐ अविवाहित ☐

12– आवेदन शुल्क का विवरण–

| धनराशि | बैंक ड्राफ्ट अथवा रेखांकित पोस्टल आर्डर | बैंक / डाकघर का नाम तथा जिला | संस्था के प्रयोग हेतु (आवेदक द्वारा नही भरा जायगा) |
|---|---|---|---|
| | | | |

13– शैक्षिक योग्यता / प्रशिक्षण योग्यता–

| क्र. सं. | उत्तीर्ण परीक्षा / शैक्षिक योग्यता | बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | विषय | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्व मध्यमा / हाईस्कूल | | | | | | | |
| 2 | उत्तर मध्यमा / इण्टरमीडिएट | | | | | | | |
| 3 | शास्त्री / बी0ए0 | | | | | | | |
| 4 | आचार्य / एम0ए0 | | | | | | | |
| 5 | शिक्षा शास्त्री / बी0एड0 | | | | | | | |
| 6 | पी0एच0डी0 / डी0फिल0 | | | | | | | |
| 7 | अन्य | | | | | | | |

नोट – सभी शैक्षिक एव प्रशिक्षण अंक पत्र / प्रमाण–पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम –

पता–

## घोषणा

मै एतदद्वारा यह घोषणा करता / करती हूँ कि मैने विज्ञापित की गयी पात्रता की शर्ते सावधानीपूर्वक पढा / पढी है। वे मुझे मान्य है और मैं उन शर्तो को पूरा करता / करती हूँ। मैं यह घोषणा करता / करती हूँ कि इस आवेदन पत्र मे दिये सारे विवरण / सूचनाएं सत्य एवं सही है। यदि कोई विवरण / सूचना असत्य या गलत पायी जाये या कोई तथ्य मेरे द्वारा छिपाया जाना पाया जाए तो मेरा अभ्यर्थन / चयन निरस्त कर दिया जाय। मैं यह भी घोषणा करता / करती हूँ कि मुझे किसी न्यायालय द्वारा किसी अपराध के लिए दण्डित नही किया गया है।

दिनांक – आवेदक के हस्ताक्षर

संलग्नकों का विवरण – आवेदक का नाम

स्थान – पता–

19/8/21